# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: ce@shekhauni.ac.in


क्रमांकः– 10966 दिनांकः– 09/12/2025

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक सेमेस्टर प्रथम व स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रथम के परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी विज्ञप्ति**

सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरांत समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों व विश्वविद्यालय परिसर स्थित विभिन्न शैक्षणिक विभागों में अध्ययनरत परीक्षार्थियों के शैक्षणिक सत्र 2025–26 के परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.shekhauniexam.in** पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार घोषित किया जाता हैः–

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | बिना विलम्ब शुल्क तिथि | 100 रू. विलम्ब शुल्क सहित तिथि | दोगुना (Double) परीक्षा शुल्क के साथ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्नातक (B.A., B.Sc., B.Com.) प्रथम सेमेस्टर के नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी तथा B.B.A. एवं B.C.A. के स्नातक प्रथम सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थी | 10.12.2025 से 15.12.2025 | 16.12.2025 से 17.12.2025 | 18.12.2025 से 20.12.2025 |
| 2. | स्नातकोत्तर (M.A., M.Sc., M.Com) प्रथम सेमेस्टर के नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी तथा M.B.A., M.C.A. व L.L.M. प्रथम सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थी | 10.12.2025 से 15.12.2025 | 16.12.2025 से 17.12.2025 | 18.12.2025 से 20.12.2025 |

**नोटः–**

1. स्नातक प्रथम सेमेस्टर के आवेदक सीधे फॉर्म पर क्लिक कर तथा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के फॉर्म ABC ID के द्वारा भरा जाना है।
2. स्नातक प्रथम सेमेस्टर व स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों की परीक्षा जनवरी 2026 के **द्वितीय** सप्ताह से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।
3. सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार ना करें।
4. परीक्षा संबंधी समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** का निरन्तर अवलोकन करें।

परीक्षा नियंत्रक

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट : www.shekhauni.ac.in ई–मेल : ce@shekhauni.ac.in

क्रमांक : 10978 दिनांक : 09/12/2025

## परीक्षा–2025 स्नातक–प्रथम एवं स्नातकोत्तर– प्रथम सेमेस्टर के आवेदन फॉर्म भरने सम्बन्धी महत्वपूर्ण निर्देश

1. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने सम्बन्धी विज्ञप्ति क्रमांक 10966 दिनांक 09.12.2025 के क्रम में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये जा रहे हैं:–
2. विश्वविद्यालय से सम्बन्धित सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षार्थियों के द्वारा भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र में महाविद्यालय के स्तर पर पोर्टल पर निम्न संशोधन किया जायेगा :–
   - माता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, श्रेणी, मोबाइल नम्बर, ईमेल–आईडी, परीक्षा का माध्यम, धर्म, आधार नम्बर, एबीसी आईडी आदि।
   - स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम सेमेस्टर में Minor Course, AEC Course, VAC Course, SEC Course एवं MDC Course आदि से सम्बन्धित प्रश्न–पत्र।
3. स्नातक स्तर के प्रथम सेमेस्टर के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को एलीमेन्ट्री कम्प्यूटर हेतु लैब के लिए प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा नहीं करवाना होगा।
4. स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपने परीक्षा आवेदन पत्र में उक्त त्रुटि सुधार हेतु रू. 100/– प्रति आवेदन पत्र शुल्क के रूप में संग्रहण केन्द्रों पर जमा करवायेंगे।
5. स्नातक प्रथम सेमेस्टर – प्रथम सेमेस्टर में परीक्षार्थी को परीक्षा आवेदन पत्र में तीन कोर विषय (Core Subject), 01 माइनर (Minor) विषय जो तीन कोर विषयों से पृथक् होगा 01 मल्टीडिसीप्लीनरी कोर्स (MDC), 01 एबीलिटी एन्हांसमेंट कोर्स (AEC), 01 स्किल एन्हांसमेंट कोर्स (SEC) एवं 01 वैल्युऐडेड कोर्स (VAC) का चयन किया जाना अनिवार्य है।
6. स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर – परीक्षार्थी को पाठ्यक्रमानुसार कोर विषय (Core Subject) के साथ 01 वैल्युऐडेड कोर्स का चयन करना अनिवार्य होगा।
7. संबंधित महाविद्यालयों द्वारा जमा किए गए परीक्षा फार्मों की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने हेतु तिथियों की सूचना अलग से जारी कर दी जायेगी।

8. विश्वविद्यालय से संबद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं हेतु आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फॉर्म भरवाये गये हैं, उससे अधिक होने पर प्रति छात्र रू. 10,000/– पैनल्टी लगेगी तथा छात्र स्वयंपाठी कैटेगरी में बदल दिया जायेगा। नियमित विद्यार्थियों के प्रवेश में आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा जारी प्रवेश नीति के प्रावधानों की पूर्ण पालना की गई है, इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा–फॉर्मों के साथ संलग्न करना होगा।
9. केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा फॉर्म अग्रेषण का शुल्क रूपये 8/– (नवीन दरें) प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालयों को देय होगा।
10. विश्वविद्यालय परीक्षा–2024 में प्रविष्ट हो चुके छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र पिछली कक्षा के रोल नंबर से ही भरे जा सकेंगे।
11. परीक्षा फार्म जमा करवाने की व्यवस्था निम्न प्रकार हैः–

a. नियमित परीक्षार्थीः–

i) संबंधित महाविद्यालय परीक्षार्थियों के फार्म की जांच कर उनके परीक्षा फार्म पर अंकित फार्म नंबर से उन्हे वेबसाईटः www.shekhauni.ac.in पर अपने लॉगिन आईडी (कॉलेज कोड) एवं पासवर्ड से विजिट कर वेरीफाई बटन दबाकर दर्ज करेंगे। कक्षा एवं संकायवार परीक्षार्थियों की सूची का दो प्रतियों में प्रिंट लेकर परीक्षा फार्मों की हार्ड कॉपी मय दस्तावेज के सूची के क्रमानुसार संलग्न कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।

ii) महाविद्यालय परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय को प्रेषित करने से पूर्व परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा फार्म में अंकित किये गये विषयों की गहन जांच कर यह सुनिश्चित करेंगे कि महाविद्यालय द्वारा छात्र को आवंटित विषय में ही फार्म भरे गये हैं तथा विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों पर ही प्रवेश दिया गया है। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान की प्रवेश नीति की पूर्णतः पालना की गई है। इस संबंध में किसी भी त्रुटि के लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होंगे तथा इस आशय का शपथ पत्र भी आवेदन पत्रों के साथ संलग्न करेंगे।

b. स्वयंपाठी परीक्षार्थीः–

i) स्वयंपाठी परीक्षार्थी ई–मित्र/ICICI Payment Gateway System पर जमा शुल्क की रसीद की मूल प्रति को परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की दो प्रतियों के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों से शुल्क जमा करवाने की तिथि से अगले तीन कार्यदिवस में परीक्षा आवेदन पत्र पर अंकित महाविद्यालय में जमा करावें। एक प्रति परीक्षार्थी स्वयं भी अपने पास रखे। स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित महाविद्यालयों की सूची वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ii) स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा के लिए प्रशिक्षण देने हेतु अधिकृत महाविद्यालय ही प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क का संग्रहण करेंगे। इन महाविद्यालयों की सूची निम्नानुसार है :–

## District-Sikar/Jhunjhunu

| S.No. | Code | College Name | Practical Arts Subjects | Practical Science Subjects |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 765 | PDU Shekhawati University (Academic Block) | Geography,Maths | Physics,Chemistry,Maths, Zoology, Botany |

## District-Jhunjhunu

| S.No. | Code | College Name | Practical Arts Subjects | Practical Science Subjects |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 177 | S.N.M.T. Government Girls College, Jhunjhunu (Only Girls) | Maths | Physics,Chemistry,Maths, Zoology, Botany |
| 2 | 192 | S.R.R.M. Govt. P.G. College, Jhunjhunu | Geography,Maths | Physics,Chemistry,Maths, Zoology, Botany, Geography, Statistics |
| 3 | 210 | S.V. Govt. P.G. College, Khetri | Geography,Maths | Physics,Chemistry,Maths, Zoology, Botany, Geography |
| 4 | 125 | S.R.R.M. Govt. P.G. College, Nawalgarh | Geography | Physics,Chemistry,Maths, Zoology, Botany, Geography |
| 5 | 124 | Govt. College, Gudha | Geography | Geography |
| 6 | 241 | Govt. College, Malsisar | Geography | Geography |
| 7 | 245 | Govt. College, Chirawa | Geography | Geography |
| 8 | 246 | Govt. College, Surajgarh | Geography | Geography |
| 9 | 255 | Govt. Girls College, Babai, Khetri, Jhunjhunu | Geography | Geography |

## District-Sikar

| S.No. | Code | College Name | Practical Arts Subjects | Practical Science Subjects |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 359 | Govt. Science College, Sikar | Maths | Physics,Chemistry,Maths, Zoology, Botany |
| 2 | 343 | Govt. Arts College, Sikar | Geography | Geography |
| 3 | 360 | S.N.K.P. Govt. College, Neem Ka Thana | Geography, Maths | Physics,Chemistry,Maths, Zoology,Geography, Botany,Geology |
| 4 | 374 | S.R.N.R. Govt. College, Ramgarh-Shekhawati | | Physics,Chemistry,Maths, Zoology, Botany |
| 5 | 336 | Govt. Kamla Modi Girls College, Neem Ka Thana (Only Girls) | Geography, Maths | Physics,Chemistry,Maths, Zoology, Botany, Geography |
| 6 | 335 | Baba Vishambhar Dass Govt. Girls College, Hod, (Only Girls) | Geography | Geography |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | 334 | S.K.Rajkiya Kanya Mahavidyalaya, Sikar | Maths | Physics,Chemistry,Maths, Zoology, Botany |
| 8 | 454 | Govt. College, Laxmangarh, Sikar | Geography | Geography |
| 9 | 455 | Govt. College, Patan | Geography | Geography |
| 10 | 461 | Govt. College, Fatehpur | Geography | Geography |
| 11 | 466 | Govt. College, Khandela | Geography | Geography |
| 12 | 476 | Govt. College, Danta Ramgarh | Geography | Geography |

**नोटः– महाविद्यालय प्रायोगिक प्रशिक्षण उसी विषय का करवाना सुनिश्चित करें जो विषय / कक्षा / सेमेस्टर महाविद्यालय में चल रहा हो।**

12. जिन परीक्षार्थियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है तथा अब स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में नियमित एवं स्वयंपाठी के लिए परीक्षा आवेदन कर रहे हैं, वे अपना मूल प्रवर्जन प्रमाण–पत्र (माइग्रेशन) परीक्षा आवेदन पत्र के साथ जमा अवश्य करवायें। परीक्षा आवेदन पत्र के साथ जमा नहीं करवाने की स्थिति में उनका परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जायेगा।
13. स्नातकोत्तर स्तर पर गृहविज्ञान (केवल महिलाओं के लिए), चित्रकला, भौतिक शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं रसायन शास्त्र विषय में केवल नियमित विद्यार्थी ही परीक्षा फार्म भर सकेंगे।
14. स्नातक में वैकल्पिक विषय के रूप में कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन एवं फिजीकल एज्युकेशन विषय का चयन नियमित परीक्षार्थी कर सकते हैं।
15. परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर 7398532208 एवं 8960032208 एवं भुगतान सम्बन्धी समस्या आने पर **आई.सी.आई.सी. बैंक की हेल्प लाईन नम्बर 9137483284** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक

## परिशिष्ट–अ

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 स्नातक सेमेस्टर प्रथम व स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रथम परीक्षा (नियमित एवं स्वयंपाठी) सत्र 2025–2026 के परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी दिशा–निर्देश

1. माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार व पत्र क्रमांक परीक्षा–6–अ/2023/1007–25 दिनांक 20.10.2023 नियमित छात्र/छात्राओं की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।
2. समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यगण से आग्रह है कि वे अपने महाविद्यालय स्तर पर हैल्प लाईन के रूप में परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन–पत्र भरने सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध करावें ताकि परीक्षार्थी सरलता से अपने परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन भर सके। सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य अपने स्तर पर नियमित विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति के सुनिश्चित होने के उपरान्त ही सम्बन्धित विद्यार्थी का परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें। यदि किसी विद्यार्थी के अग्रेषित परीक्षा आवेदन पत्र में उपरोक्त त्रुटि पाये जाने पर महाविद्यालय पर नियमानुसार कार्यवाही कर पेनल्टी लगायी जा सकती है। परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थी की सम्बन्धित परीक्षा के लिए नियमानुसार पात्रता सुनिश्चित की जाए। **परीक्षार्थी से तीन प्रतियों (विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, स्टूडेंट प्रति) में आवेदन पत्र प्राप्त कर विश्वविद्यालय कॉपी समस्त दस्तावेजों के साथ निर्धारित अवधि में विश्वविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना सुनिश्चित करावें। महाविद्यालय प्रति अपने रिकॉर्ड में सुरक्षित रखते हुए परीक्षार्थी को यह भी निर्देश प्रदान करें कि आवेदन पत्र की स्टूडेंट प्रति जिस पर महाविद्यालय ने पावती प्रदान की है को अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से अपने पास सुरक्षित रखे।**
3. कृपया यह भी सुनिश्चित करें की परीक्षार्थी द्वारा संबंधित कक्षा के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करा दिया गया है। साथ ही परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने से पूर्व जांच कर ली जावे कि आवेदन–पत्र की समस्त प्रविष्टियाँ यथा परीक्षार्थी का व्यक्तिगत विवरण, निर्धारित स्थान पर परीक्षार्थी के हस्ताक्षर, परीक्षार्थी की केटेगरी, (नियमित/पूर्व छात्र/स्वयंपाठी) व परीक्षार्थी द्वारा चयनित वैकल्पिक विषय आदि सूचनाएं सही एवं पूर्ण रूप से भी हुई है। परीक्षार्थी को अपने भरे हुए आवेदन पत्र की समस्त त्रुटियों को दुरुस्त करवाने का केवल एक ही अवसर प्रदान किया जाएगा। इसके लिए, आवेदन पत्र की त्रुटियों के सुधार हेतु ₹100 का शुल्क संग्रहण केंद्र पर जमा कराना अनिवार्य होगा। त्रुटि सुधार की यह प्रक्रिया केवल संग्रहण केंद्र द्वारा ही संपन्न की जाएगी।"
4. **स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में स्वयंपाठी विद्यार्थियों के रूप में क्रमशः न्यूनतम 20 एवं 10 परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होने की स्थिति में ऐसे परीक्षार्थियों को नजदीकी**

परीक्षा केन्द्र पर स्थानांतरित कर दिए जाएंगे। स्थानांतरित विद्यार्थियों से प्राप्त विकास शुल्क संबंधित परीक्षा केन्द्र को आवश्यक रूप से स्थानांतरण करना होगा।

5. **स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने से पूर्व प्रवेश नीति के बिन्दू संख्या 2.2 एवं 3.2 के अनुसार यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि नियमानुसार न्यूनतम विद्यार्थियों को प्रवेश प्रदान किया गया है। किसी कक्षा/वर्ग में उक्तानुसार निर्धारित संख्या से कम विद्यार्थियों का प्रवेश होने की स्थिति में नियमानुसार परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।**

6. स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी प्रवेश नीति में वर्णित मानदण्ड एवं पात्रता के अनुसार होना आवश्यक है। प्रवेश नीति के विपरित प्रवेश होने की स्थिति में विद्यार्थी को संबंधित परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा तथा संबंधित महाविद्यालय के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

7. महाविद्यालय में जमा हुए परीक्षा आवेदन पत्रों को ऑनलाईन सत्यापित **(Verify)** करें तथा पोर्टल पर उपलब्ध कक्षा/संकाय/विषयवार **NR List print** कर प्राचार्य द्वारा सत्यापित करवाते हुए आवेदन पत्रों के साथ विश्वविद्यालय में जमा करावें।

8. परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करते समय यह ध्यान रखा जावे कि आवेदन–पत्र की विश्वविद्यालय प्रति के साथ अर्हता परीक्षा/पूर्व परीक्षा की अंकतालिका/प्रवजन प्रमाण पत्र आदि वांछित दस्तावेज संलग्न करें। परीक्षा आवेदन पत्र की महाविद्यालय प्रति अपने रिकॉर्ड के लिए रखें। परीक्षा आवेदन पत्र कक्षा अनुसार, विषयानुसार एवं एन आर लिस्ट के क्रम के अनुसार हो, अन्यथा स्वीकार नहीं होगें।

9. महाविद्यालय के द्वारा प्रेषित प्रस्ताव अथवा अन्य किसी कारण से परीक्षार्थियों का परीक्षा केन्द्र परिवर्तित होने की स्थिति में परीक्षार्थियों से प्राप्त विकास शुल्क स्थानांतरित परीक्षा केन्द्र को परीक्षा आरम्भ होने के तीन दिवस में हस्तांतरित करना होगा।

10. समस्त अभ्यर्थी परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व अपनी APAAR/ABC Id (Academic Bank Of Credits) बनाना सुनिश्चित करें। APAAR/ABC Id Ministry of Education, Government of India की वेबसाईट http:/www.abc.gov.in पर visit करके निःशुल्क बनाई जा सकती है। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी APaar/ABC Id किसी कारणवश नहीं बन रही है वे संबंधित महाविद्यालय से संपर्क करें। ABC Id निर्मित होने के बाद अभ्यर्थी अपने मोबाइल न. पर ओटीपी प्राप्त कर स्वयं को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर रजिस्ट्रड कर आवेदन पत्र भर सकेंगे। अतः विद्यार्थी द्वारा मोबाइल नं., ई–मेल आई डी., आधार कार्ड नम्बर व ABC ID सही सही भरा जाना आवश्यक है। अभ्यर्थी परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि उसका आधार में अंकित व्यक्तिगत विवरण यथा नाम, जेंडर, जन्मतिथि, अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका तथा ABC/APAAR ID में समान हो। गलत सूचना दर्ज की जाने पर आवेदन पत्र निरस्त की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

1. सर्वप्रथम छात्र वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** पर अपनी ABC ID के द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन करते हुये (यदि पूर्व में ABC ID का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ हो)। संबंधित कक्षा की श्रेणी यथा नियमित/स्वयंपाठी का चयन कर अध्ययन किये गये विषयों का चयन करते हुये परीक्षा फॉर्म भरेंगे। स्नातक प्रथम सेमेस्टर के आवेदक सीधे फॉर्म पर क्लिक कर तथा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के फॉर्म ABC ID के द्वारा भरा जाना है।

11. परीक्षा आवेदन पत्र, समय सारिणी तथा परीक्षा आयोजन संबंधी अन्य जानकारियों हेतु वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** का निरंतर अवलोकन करते रहें।

12. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। **परीक्षा शुल्क के भुगतान होने की सूचना मिलने पर भुगतान का अपडेट सुनिश्चित किये जाने पर (Payment Verify) ही पुनः भुगतान 24 घंटे पश्चात् ही किया जावे। विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापिस (Refund) नहीं होगा। यदि Payment Success के उपरान्त भी यदि आवेदक जानबूझकर एक से अधिक परीक्षा आवेदन के लिए भुगतान किया जाता है तो समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी तथा विश्वविद्यालय में जमा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा।**

13. परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। परीक्षा फॉर्म भरने के पश्चात् परीक्षार्थी को परीक्षा आवेदन पत्र की तीन प्रतियों में प्रिंट लेना है। इसमें से दो प्रतियाँ (एक महाविद्यालय प्रति व एक विश्वविद्यालय प्रति) समस्त दस्तावेजों के साथ अपने हस्ताक्षर कर निर्धारित अवधि **(आगामी दो कार्य दिवस) में संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवा देवें। आवेदन पत्र की एक प्रति परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से अपने पास सुरक्षित रखे। परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं होगा। परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।** अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा फॉर्म जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फॉर्म ही स्वीकार होंगे।

14. **संबंधित महाविद्यालय परीक्षा सह नामांकन पत्रों के साथ एक शपथ पत्र (प्रारूप संलग्न) प्रस्तुत करेगा जिसके अन्तर्गत यह स्पष्टतया उल्लेख किया जायेगा कि महाविद्यालय द्वारा कुल प्रवेशित छात्र/छात्रायें तथा परीक्षा फार्मों की संख्या महाविद्यालय को आवंटित सीटों से अधिक नहीं है तथा विद्यार्थी द्वारा परीक्षा फॉर्म में भरे गये विषयों का मिलान महाविद्यालय को आवंटित विषयों तथा विद्यार्थियों को प्रदान किये गये विषय संयोजन (Subject Combinations) से मिलान कर लिया है तथा सभी विद्यार्थियों न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति के साथ मिडटर्म परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लिये हैं। इन तथ्यों का स्पष्टतया सत्यापन करने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन फॉर्म विश्वविद्यालय को नियत तिथि तक अग्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।**

15. परीक्षा फॉर्म भरने वाले छात्र सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात् जो आवेदन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों को अपने स्तर पर भरकर तकनीकी विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर

स्केन कर परीक्षा आवेदन–पत्र के निर्धारित स्थान पर अपलोड करें। **परीक्षार्थी अपना नाम, पिता व माता का नाम बोर्ड/विश्वविद्यालय की पूर्व में उत्तीर्ण परीक्षाओं की अंकतालिकाओं के अनुसार ही भरें।**

16. **परीक्षार्थी एक समय में केवल एक ही पूर्ण सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्र होगा।**

17. स्वयंपाठी परीक्षार्थी जिनके परीक्षा में प्रायोगिक विषय हैं, वे परीक्षा फॉर्म जमा करवाते समय विशेष ध्यान देवें कि :

    - **स्वयंपाठी परीक्षार्थी आवेदन फॉर्म भरते समय उसी महाविद्यालय का चयन करें जिसमें अपने प्रायोगिक विषयों का अभ्यास–प्रशिक्षण कार्य करना चाहते हैं, ताकि महाविद्यालय में अपना परीक्षा फार्म जमा करवातें समय अपने प्रायोंगिक विषय का अभ्यास प्रशिक्षण शुल्क जमा करवा देवें।**
    - **यदि परीक्षार्थी ने जिस महाविद्यालय का आवेदन पत्र भरने के लिए चयन किया है उस महाविद्यालय में उसके विषय से संबंधित प्रायोगिक प्रशिक्षण संभव नहीं हैं तो उस विषय से संबंधित अन्य–महाविद्यालय में प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क जमा करवाना सुनिश्चित करें।**
    - **परीक्षार्थी आवेदन फॉर्म भरने की अन्तिम तिथि के अगले कार्य दिवस तक अपने प्रायोगिक विषय का अभ्यास प्रशिक्षण शुल्क जमा करवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए अलग से कोई अवसर नहीं दिया जायेगा।**
    - **प्रायोगिक विषय का प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र जमा नहीं करवाने वाले परीक्षार्थियों को प्रायोगिक परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी।**

18. फॉर्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात् भरे गये फॉर्म के आधार पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ही शुल्क का निर्धारण होगा। **इस चरण में फॉर्म प्रिंट नहीं होगा केवल फीस निर्धारित होगी।** निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन आई.सी.आई.सी.आई. बैंक पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड (एटीएम)/क्रेडिट कार्ड से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् परीक्षा फॉर्म व नामांकन/योग्यता फॉर्म (परीक्षार्थी के शेखावाटी विश्वविद्यालय में पूर्व में नामांकित नहीं होने की स्थिति में) की हार्ड कॉपी का प्रिंट निश्चित रूप से प्राप्त करें। **परीक्षार्थी ध्यान रखें कि परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई भी सूचना सही नहीं हो या आपके विवरण से मिलान नहीं हो तो पूर्व में भरे गये फॉर्म को निरस्त मानते हुये पुनः नया परीक्षा फॉर्म भरें तथा परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनाऐं सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढ़ें।**

19. **सम्बन्धित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन कर ऑनलाईन शुल्क जमा करवाने के पश्चात् परीक्षा फॉर्म में बदलाव संभव नहीं होगा।**

20. नियमित विद्यार्थी अपने नामांकन सह परीक्षा फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्बन्धित महाविद्यालय जिसके वे नियमित विद्यार्थी हैं वहाँ जमा करवायें एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी नजदीकी

राजकीय महाविद्यालय का चयन कर नामांकन सह परीक्षा फॉर्म भरें तथा उसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ चयनित राजकीय महाविद्यालयों में जमा करायें।

21. परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म को सावधानी पूर्वक भरें। फॉर्म में नाम अथवा पिता के नाम में किसी भी प्रकार का संशोधन करने के लिए परीक्षार्थी को फॉर्म भरने की अन्तिम तिथि से 03 कार्य दिवसों में रू. 100/– प्रति आवेदन पत्र शुल्क के रूप में विश्वविद्यालय में जमा करवाना होगा।
22. ऐसे छात्र जिन्होंने अपनी परीक्षा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर से उत्तीर्ण की है वे अपनी सेकेण्ड्री एवं सीनियर सेकेण्ड्री की अंकतालिका की सत्यापित कॉपी ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करें।
23. राजस्थान बोर्ड/शेखावाटी विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी नामांकन फार्मों की हार्ड कॉपी के साथ मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (माईग्रेशन) एवं अंकतालिकाऐं साथ संलग्न करें। संबंधित महाविद्यालय/संग्रहण केन्द्र दस्तावेजों की सम्पूर्ण जाँच करके परीक्षार्थी को मूल दस्तावेज सुपुर्द करना सुनिश्चित करेंगे।
24. परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र आवंटित करने संबंधित सूचना उनके परीक्षा प्रवेश–पत्र में उपलब्ध करायी जायेगी।
25. फ्रेश परीक्षा फार्म भरने वाले विद्यार्थी अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, बोर्ड की अंकतालिका के अनुसार भरें।
26. स्नातक कला में गृह–विज्ञान वैकल्पिक विषय केवल नियमित एवं स्वयंपाठी छात्राओं के लिए ही लेना अनुमत है।
27. स्नातक स्तर सेमेस्टर प्रथम/तृतीय में चित्रकला, शारीरिक शिक्षा, ड्राइंग एवं पेंटिंग, संगीत विषय केवल नियमित विद्यार्थियों के ही लेने की अनुमति होगी। इन विषयों में प्रथम सेमेस्टर में नियमित रूप से परीक्षा में सम्मिलित रहे परीक्षार्थी तृतीय सेमेस्टर में इन विषयों के साथ स्वयंपाठी नहीं हो सकते।
28. महाविद्यालयों के नियमित/पूर्व परीक्षार्थियों एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्र का आवंटन विश्वविद्यालय द्वारा यथा समय निर्धारित होगा। परीक्षा केन्द्र की सूचना परीक्षार्थियों के परीक्षा प्रवेश–पत्र में उपलब्ध होगी।
29. ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् निर्धारित समय सीमा में **परीक्षा/नामांकन फॉर्म की हार्ड कॉपी** संबंधित महाविद्यालय में जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।
30. परीक्षार्थी ध्यान रखे कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फार्मों पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा फॉर्म स्वतः ही निरस्त समझे जाऐंगे।
31. महाविद्यालयों द्वारा लोगिन आई.डी. का निर्माण, फॉर्म चैकिंग, नामांकन व परीक्षा फार्मों की कक्षावार/संकायवार सूची आदि से संबंधित आवश्यक निर्देशों यथा महाविद्यालय लोगिन आई.डी. /ई.मेल आई.डी. का वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** पर अवलोकन करें।

32. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई / आंशिक) विद्यार्थियों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि राजकीय मेडीकल ऑफीसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। परीक्षा शुल्क के अलावा अन्य सभी निर्धारित शुल्क देय होगा।

33. स्नातक, स्नातकोत्तर एवं प्रोफेशनल कक्षाओं के सेमेस्टर प्रथम के अभ्यर्थी परीक्षा आवेदन पत्र भरने के पश्चात् आगामी 24 घंटे में निर्धारित शुल्क ऑनलाईन जमा करवाकर आवेदन पत्र में संशोधन कर सकेंगें।

34. परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हैल्पलाइन नम्बर 7398532208 एवं 8960032208 तथा एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हैल्प लाईन नम्बर 9137483284 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

35. सक्षम स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार सेमेस्टर परीक्षा के शुल्क निर्धारण हेतु गठित समिति की अनुशंसानुसार सेमेस्टर परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क निम्नानुसार है:–

**Examination Fees Schedule**

| S.No. | UG/PG Semester – I | Fees Prescribed Per Semester | With Due Paper |
|---|---|---|---|
| 1 | Regular Students (UG) | 1000/-each semester | 1570/- |
| 2 | Non-Collegiate Students (UG) | 1900/-each semester | 2470/- |
| 3 | Regular Students (PG) | 1500/-each semester | 2300/- |
| 4 | Non-Collegiate Students (PG) | 2000/-each semester | 2530/- |
| 5 | Regular Students (UG) BBA, BCA | 1570/- each semester | 2270/- |
| 6 | Regular Students (PG) MBA, MCA, LLM | 2070/- each semester | 3000/- |

**Note:- In addition to above fee schedule following fees shall also be charged:-**

1- **Practical Fee@Rs.100/- per paper for Regular and Non-Collegiate category students. In case of MDC Course Elementary Computer Lab (24BGC5103P) Practical no charge will be taken as its evolution is internal only.**

2- **Practical Training Fees of Rs. 1000/- per subject (for each semester) shall be charged from Non-Collegiate Students in subjects with practical paper belong to Science Faculty, whereas for UG (Rs. 700/-) and PG (Rs. 1000/-) per paper (for each semester) shall be charged from the same category of students belonging to other than Science faculty.**

**3- Enrolment and Eligibility Fees Rs. (300/- + 300/-) for students, (if not already enrolled) will be paid with Exam Fees. However, students of Board of Secondary Education, Rajasthan, Ajmer will be exempted from paying Eligibility Fees.**

ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर प्रेषित दिशा–निर्देशों, विश्वविद्यालय के परीक्षा सम्बन्धी नियम/अध्यादेश एवं उपरोक्त बिन्दुओं की पालना सुनिश्चित करें।

उप कुलसचिव (शैक्षणिक)

<u>सामान्य निर्देश</u>

1. **नियमित विद्यार्थियों को सेमेस्टर के अन्त में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक होगी।**

2. स्नातक प्रथम सेमेस्टर के आवेदक सीधे फॉर्म पर क्लिक कर तथा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के फॉर्म ABC ID के द्वारा भरा जाना है। स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID आवश्यक है। अतः विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी., आधार कार्ड नम्बर व ABC ID दर्ज करें।

3. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा–निर्देश वेबसाईट **<u>www.shekhauni.ac.in</u>** पर भी उपलब्ध है। परीक्षा संबंधी कतिपय नियमों के लिए परिशिष्ठ "अ" देखें। महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा–निर्देशों का अवलोकन करें।

4. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही होगी। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। **परीक्षा शुल्क का भुगतान एक बार किये जाने के पश्चात् पुनः (दुबारा) भुगतान, 24 घंटे की समयावधि में पोर्टल पर Payment Verify करने पर भुगतान नहीं होने की स्थिति में ही किया जावे। विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नहीं होगा।**

5. परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र तथा नामांकन आवेदन पत्र की तीन हार्ड कॉपी डाउनलोड कर उस पर यथा स्थान हस्ताक्षर मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में <u>उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण</u> सभी अंकतालिकाओं के साथ आगामी **दो कार्य दिवसों में, दो प्रतियों (एक महाविद्यालय प्रति एवं एक विश्वविद्यालय प्रति) में संबंधित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा। परीक्षा आवेदन पत्र की एक प्रति परीक्षार्थी अपने पास सुरक्षित रखें। परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा। परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र स्वीकार नहीं होगा।** अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा सह नामांकन आवेदन पत्र जमा करायें। **महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र ही स्वीकार होंगे।**

6. स्नातक (कला/विज्ञान) परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है उन्हें प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। इस सम्बन्ध में परिशिष्ट 'अ' के बिन्दु संख्या 17 का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर लेवें। **तद्नुसार प्रायोगिक विषयों के प्रशिक्षण हेतु संबंधित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।**
7. परीक्षा आवेदन सह नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **7398532208 एवं 8960032208** एवं आई.सी.आई.सी. बैंक का हेल्प लाईन नम्बर **9372505528** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः— 10979-987

दिनांकः— 09/12/2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :—

1. श्रीमान आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. श्रीमान संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप—4) विभाग, राजस्थान सरकार।
3. **(अ)** समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित कर लेवें कि परीक्षा फॉर्म के साथ सभी वांछित दस्तावेजों के साथ संलग्न हैं एवं सही है। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण, दिशा निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय कोड आवश्यक रूप से अंकित करें।**

   **(ब) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर हेतु आवंटित सीटों एवं आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से परीक्षा आवेदन सह नामांकन पत्र भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ—पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा फार्मों के साथ संलग्न करना होगा।**
4. वित्त नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि वे महाविद्यालयों के सेमेस्टर प्रथम परीक्षा 2025—2026 हेतु ई—मित्र/ICICI PAYMENT GATEWAY

SYSTEM द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क की राशि जमा विवरण प्राप्त कर मिलान करने का भी श्रम करें।

5. निजी सचिव, कुलगुरू / कुलसचिव / उपकुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
6. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर आग्रह है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के जिलों में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर आदि) में एक बार प्रकाशित करवावें एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित कराने की व्यवस्था करें।
7. समस्त अनुभागाधिकारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
8. प्रभारी वेबसाईट, विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत्।
9. संबंधित तकनीकी फर्म को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित दिनांक तक परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करावें।
10. रक्षित पत्रावली।

उप कुलसचिव (शैक्षणिक)